श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 156, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश


प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 11 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश- प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड के साथ दें शहीदों को सलामी



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** स्वाधीनता संग्राम के ऐतिहासिक चौरी-चौरा कांड के शताब्दी वर्ष को उत्तर प्रदेश सरकार यादगार बनाना चाहती है। चार फरवरी, 2021 से चार फरवरी, 2022 तक होने जा रहे इस समारोह की तैयारियों की समीक्षा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। उन्होंने इस दौरान हर जिले में पुलिस बैंड के साथ शहीदों को सलामी देने का निर्देश अफसरों को दिया। इसके साथ ही चौरी-चौरा कांड पर डाक टिकट जारी करने के लिए भी भारत सरकार को पत्र लिखा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में कहा कि वर्ष 2022 में आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 15 अगस्त, 2021 से 15 अगस्त, 2022 तक वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाई जाए। इन कार्यक्रमों को भी चौरी-चौरा शताब्दी समारोह के कार्यक्रमों के साथ संबद्ध कर दें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयोजन के लिए राज्यपाल की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय आयोजन समिति का गठन किया जाए। उनकी (मुख्यमंत्री) की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय कार्यकारी समिति बनेगी। इसमें उपमुख्यमंत्री, विधान मंडल के विभिन्न दलों के नेता सदन, स्थानीय सांसद, विधायक सहित अन्य सदस्यों को रखा जाए। जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में स्थानीय सांसद, विधायक सहित आयोजन समिति और जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चौरी-चौरा रेलवे स्टेशन पर पाथ-वे बनाने के लिए रेलवे को लिखा जाए। स्थल तक पहुंच मार्ग बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग को अंडरपास बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शताब्दी समारोह के कार्यक्रमों की थीम स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वच्छता पर आधारित होनी चाहिए। इनके जरिए स्थानीय उत्पादों को भी प्रोत्साहित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा एस. राधा चौहान, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

चौरी-चौरा पर कराएं शोध : चौरी-चौरा सहित स्वाधीनता आंदोलन की घटनाओं और शहीदों से संबंधित साहित्य को एकत्र कर उसे डिजिटल फॉर्म में लाने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है। साथ ही कहा कि विश्वविद्यालयों में स्वाधीनता आंदोलन से संबंधित विषयों पर स्कॉलरशिप की व्यवस्था कर इन विषयों पर उत्कृष्ट स्तर का शोध कराया जाए।





## गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया अमेठी दिनदहाड़े घर में घुसकर युवक को भूना

**अमेठी के अढ़नपुर गांव की गली में तेज रफ्तार बाइक न चलाने की दी थी हमलावरों को सलाह तू-तकरार के बाद असलहे से दागी गोलियां। खूनी संघर्ष में एक महिला सहित चार घायल घर में मचाया उत्पात। कार के शीशे भी तोड़े।**

**अमेठी, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के अमेठी थानाक्षेत्र का अढ़नपुर गांव रविवार को गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा। दिनदहाड़े तीन हमलावरों ने घर में घुसकर 45 साल के युवक पर एक के बाद एक अंधाधुध फायरिंग कर दी। वहीं, घर में मौजूद परिवार की महिला तक को नहीं बक्शा। इसके बाद घर के सामने खड़ी कार के शीशे तोड़कर असलहा लहराते फरार हो गए। आननफानन पुलिस ने कार्रवाई कर तीनों हमलावरों को दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक, युवक के सिर, जाघ व पैर में गोली लगने से उसकी मौत हो गई, जबकि परिवार के ही एक महिला समेत चार लोग घायल हुए हैं।

दरअसल, मामला अढ़नपुर गांव का है। यहां के निवासी सुरेंद्र पांडेय (45) दोपहर घर के सामने अपनी कार की धुलाई कर रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार बाइक से तीन युवक गुजरे। सुरेंद्र ने उन्हें गली में बाइक धीरे चलाने की सलाह दी। यह बात उन्हें नागवार गुजरी और असलहा लेकर आ धमके। बीच-बचाव की कोशिश के बावजूद असलहे से लैस हमलावर गोलियां बरसाते हुए घर में घुस गए और जमकर उत्पात मचाया। घर के सामने खड़ी कार के शीशे तोड़ दिए। घर की खिड़की-दरवाजे के शीशे व बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आधा दर्जन हमलावर सुरेंद्र पांडेय के घर पर असलहे लहराते हुए काफी समय तक तांडव करते रहे। गोली लगने से सुरेंद्र पांडेय, उनकी पत्नी इंद्रावती, भाई सत्येंद्र पांडेय, पुत्र आराध्य पांडेय, अभिषेक पांडेय घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सत्येंद्र व आराध्य पांडेय, अभिषेक व इंद्रावती का इलाज चल रहा है। ग्रामीणों की मानें तो मृतक सुरेंद्र पांडेय जामों थानाक्षेत्र के पांडेयपुर मजरे भवानीगढ़ के मूल निवासी हैं। इनकी पाही (उपघर) अढ़नपुर गांव में है। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि मृतक के सिर, जाघ व पैर में गोली लगने से मौत हो गई है। वहीं, परिवार के अन्य सदस्यों को हल्की चोटें आई हैं। तीन आरोपित पुलिस की पकड़ में है। मामले की जांच की जा रही है।

अढ़नपुर गांव में भले ही एक परिवार का रविवार को सबकुछ बर्बाद हो गया हो। लेकिन, इस घटना के तार तो लॉकडाउन के बीच अढ़नपुर बाजार में भूमि कब्जे को लेकर हुए विवाद से ही पनप रहा था। ग्रामीणों की मानें तो अढ़नपुर बाजार में सुरेंद्र पांडेय की दुकान हैं। इसी के बगल जबरिया कब्जे को लेकर गांव के ही रघुनंदन सिंह से बीते छह माह पूर्व अनबन हुई थी। पुलिस ने मामले को दबा दिया था। रंजिश धीरे-धीरे सुलग रही थी।

## दिल्ली वासियों को अभी शीतलहर से नहीं मिलेगी राहत पंजाब, यूपी, हरियाणा सहित इन राज्यों में घना कोहरा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी सहित उत्तर भारत में शीतलहर ने लोगों की ठिठुरन बढ़ा दी है। पिछले दिनों देश के ज्यादातर राज्यों में हो रही रुक-रुक के बारिश के बाद लोगों को शीतलहर का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ उत्तर भारत में सुबह के वक्त को कोहरे ने परेशान किया। इस घने कोहरे के चलते लोगों को काम करने में दिक्कतें आईं। उधर, मौसम विभाग ने दक्षिण के कुछ इलाकों में भारी बारिश कि चेतावनी दी है। वहीं जम्मू कश्मीर और हिमाचल में भारी बर्फबारी जारी है। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी ने मौसम को और सर्द कर दिया है। इसके चलते ही मैदानी इलाकों में सर्द हवाएं चल रही हैं।

उधर, मौसम विभाग ने आज से लेकर अगले तीन दिन तक तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप में तेज तूफान के साथ बारिश का पूवार्नुमान लगाया है। रिपोर्ट की मानें तो तापमान गिरने के साथ ही पंजाब, हरियाणा और उत्तरी राजस्थान में आज से शीतलहर का दौर शुरू होगा। इस शीतलहर से 3 दिन तक राहत नहीं मिलेगी।

वहीं यूपी के मेरठ में आज सुबह की शुरूआत कोहरे और ठंडी हवाओं के साथ हुई। यहां पर शीतलहर से अभी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि रविवार को दिन में धूप भी निकली थी लेकिन शीत लहर के आगे धूप फीकी ही साबित हुई। उधर, बिहार के मुजफ्फरपुर में सुबह की शुरूआत कोहरे के साथ हुई। यहां पर अगले तीन-चार दिनों तक तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा रह सकता है। इसके बाद तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने यहा जानकारी दी है।

बताया जा रहा है कि 13 जनवरी तक के लिए जारी किए मौसम पूवार्नुमान मे डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के मौसम विभाग ने यह बात कही है। मौसम विभाग के द्वारा जारी पूवार्नुमान में अनुसार उत्तर बिहार में अगले तीन-चार दिनों तक तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहने की सम्भावना है। उसके बाद तापमान में भारी गिरावट आ सकती है।

### दोबारा शुरू की गई उड़ानों के तीसरे दिन ब्रिटेन से आए सभी यात्री पाए गए कोरोना संक्रमण मुक्त

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली।** कोरोना के नए स्ट्रेन के प्रकोप के कारण ब्रिटेन और भारत के बीच दोबारा से शुरू की गई उड़ानों के तीसरे दिन ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान रविवार को आइजीआइ एयरपोर्ट पर पहुंची। इसके सभी यात्री नेगेटिव पाए गए। इस उड़ान के लिए कुल 225 लोगों ने टिकट करा रखा था। माना जा रहा है कि संस्थागत क्वारंटाइन के नियम के कारण 56 यात्रियों ने अपने टिकट रद करवा लिए। जेनेस्ट्रिंग लैब की निदेशक डॉ. गौरी अग्रवाल ने बताया कि लंदन से रविवार की सुबह 6.30 बजे ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान से 163 यात्री आए थे। उसमें दो बच्चे और छह क्रू मेंबर शामिल थे। इनकी जांच की रिपोर्ट आने में चार से पांच घंटे लगे। रिपोर्ट नेगेटिव आने पर सभी यात्रियों को क्वारंटाइन के लिए भेज दिया गया। यात्रियों के सामने दो विकल्प रखे गए हैं या तो वह सरकारी क्वरंटाइन सेंटर में जा सकते हैं अथवा खुद के पैसे से होटलों में क्वारंटाइन रह सकते हैं। एयरोसिटी स्थित 11 होटलों को पेड क्वारंटाइन सेंटर में तब्दील कर दिया गया है।

## कृषि कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

### किसान संगठन धरना खत्म करने को तैयार नहीं

**सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि किसानों के प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए जमीनी स्तर पर कोई प्रगति नहीं हुई है। जबकि केंद्र ने अदालत को बताया था कि मामले को सुलझाने के लिए किसानों के साथ उसकी सकारात्मक बातचीत चल रही**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने कानूनों को कुछ समय के लिए ठंडे बस्ते में डालने का सुझाव दिया था। इसके अलावा सरकार और आंदोलनकारी किसानों के बीच मतभेद दूर करने के लिए समिति बनाने की भी तजबीज पेश की थी। बता दें कि किसान संगठनों और सरकार के बीच हुई बातचीत का अभी तक कोई हल नहीं निकल पाया है। किसान कृषि कानूनों को रद करने की मांग पर अड़े हुए हैं। हालांकि, केंद्र सरकार ने अभी तक बातचीत के जरिए समाधान निकलने की उम्मीद नहीं छोड़ी है। 15 जनवरी को किसान संगठनों और सरकार के बीच 9वें दौर की बैठक है।

दरअसल, कानून खत्म किए बिना किसान संगठन धरना-प्रदर्शन खत्म करने के लिए तैयार नहीं हैं। सरकार कानूनों में सुधार करने के पक्ष में है, इन्हें रद करने के नहीं। यहीं पेंच फंसा हुआ है। आज प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। यह सुनवाई इसलिए और अहम हो जाती है, क्योंकि सरकार और किसान संगठनों के बीच 15 जनवरी को अगले दौर की बातचीत होनी है।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि किसानों के प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए जमीनी स्तर पर कोई प्रगति नहीं हुई है। जबकि, केंद्र ने अदालत को बताया था कि मामले को सुलझाने के लिए किसानों के साथ उसकी सकारात्मक बातचीत चल रही है। सरकार ने यह भी कहा था कि दोनों पक्षों के बीच जल्द ही सभी मसलों पर आम सहमति बनने की उम्मीद है। इसके बाद ही शीर्ष अदालत ने मामले में सुनवाई 11 जनवरी तक स्थगित कर दी थी।

## पीएम मोदी टीकाकरण अभियान को लेकर आज करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ अहम बैठक

**नई दिल्ली, आइएएनएस।** कोरोना वायरस के खिलाफ भारत में दुनिया का सबसे वृहद टीकाकरण अभियान शुरू होने वाला है। इस अभियान की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ सोमवार को बैठक करेंगे। शाम चार बजे से निर्धारित बैठक में सभी राज्य टीकाकरण अभियान और अन्य मुद्दों को लेकर तैयारियों का ब्योरा पेश करेंगे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये होने वाली यह उच्च स्तरीय बैठक इसलिए अहम है, क्योंकि देश में 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। भारतीय दवा महानियंत्रक (डीजीसीए) द्वारा




सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल की अनुमति दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री की मुख्यमंत्रियों के साथ यह पहली बैठक होगी। देश में कोरोना संक्रमण फैलने के बाद प्रधानमंत्री ने वर्चुअल तरीके से मुख्यमंत्रियों के साथ कई बार बातचीत की थी।

टीकाकरण अभियान की तैयारियों को परखने और उसकी कमियों को दूर करने के लिए देश में इसका तीन बार पूर्वाभ्यास किया जा चुका है। इस दौरान पाई गई खामियों को दूर करने का भी पर्याप्ता समय मिल गया है। अब उम्मीद है कि सोमवार को जब सभी राज्य तैयारियों का ब्योरा पेश करेंगे, तब उसमें सबकुछ ठीक होगा। टीकाकरण अभियान के पहले चरण में प्राथमिकता समूह वाले तीन करोड़ लोगों को वैक्सीन दी जाएगी। इसमें एक करोड़ डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्यकर्मी और कोरोना महामारी के खिलाफ अग्रिम मोर्चा पर लड़ने वाले दो करोड़ सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी और नगर निगम इत्यादि के कर्मचारी शामिल हैं।

सरकार की योजना और ऐसे 27 करोड़ लोगों को टीका लगाने है, जिनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने का खतरा ज्यादा है। इसमें 50 से अधिक उम्र के लोग और पहले से ही गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति शामिल हैं। टीका लगाने के लिए सभी संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम भी पूरा हो गया है।

टीकाकरण अभियान के लिए वैक्सीन की खरीद के लिए पीएम-केयर फंड यानी आपातकालीन स्थितियों में लोगों की मदद के लिए गठित प्रधानमंत्री नागरिक सहायता एवं राहत निधि का इस्तेमाल किया जा सकता है। सरकार ने पहले भी इस निधि से वैक्सीन विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपये जारी किए थे।

## आपातकाल पीड़ितों ने मांगा स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा

**सुप्रीम कोर्ट से 1975 में कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। अखिल भारतीय लोकतंत्र सेनानी संयुक्त समिति के जरिए सुप्रीम कोर्ट में इस मांग को लेकर याचिका दाखिल की गई है...**

### सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की अर्जी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल हुई थी जिसमें 1975 में कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने उस याचिका पर नोटिस भी जारी किया था। अब आपातकाल पीड़ितों ने संगठित रूप से अखिल भारतीय लोकतंत्र सेनानी संयुक्त समिति के जरिए सुप्रीम कोर्ट में नई अर्जी दाखिल की है और मुख्य याचिका में पक्षकार बनाते हुए अपनी बात रखने की इजाजत मांगी है।

अर्जी में आपातकाल को असंवैधानिक घोषित करने की लंबित याचिका में की गई मांग का समर्थन किया गया है। साथ ही आपातकाल के पीड़ितों को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिये जाने की मांग की गई है। लोकतंत्र सेनानी समिति की ओर से दाखिल की गई अर्जी में कहा गया है कि आपातकाल के काफी पीड़ितों की मृत्यु हो चुकी है और बहुत से काफी बूढ़े हो गए हैं।

इन सब तथ्यों को देखते हुए वे लोग सुप्रीम कोर्ट में आपातकाल को असंवैधानिक घोषित करने की मांग वाली याचिका का समर्थन करते हैं। कोर्ट उन लोगों को भी मामले में पक्षकार बनाए और उन्हें बात रखने का मौका दिया जाए। इसमें कहा गया है कि आपातकाल को असंवैधानिक घोषित करने के साथ उन्हें स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिया जाए। याचिका के मुताबिक जून 1975 से 1977 के दौरान तत्कालीन सरकार द्वारा लागू किया गया आपातकाल गैरकानूनी था। यह काल देश का काला काल कहा जाएगा। इस दौरान देश भर में 1,10,000 से ज्यादा लोग हिरासत में लिए गए और जेल में डाले गए। उनके साथ क्रूर व्यवहार किया गया। उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं दी गईं। अर्जी में कहा गया है कि कई राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि ने आपातकाल पीड़ितों को पेंशन, चिकित्सा सुविधा, यात्रा भत्ता और अन्य लाभ दिये हैं और उन्हें राष्ट्र के लोकतंत्र सेनानी का दर्जा और सम्मान दिया है। हालांकि कई बार राज्य में राजनीति या शासन बदलने से उन्हें दी जाने वाली सुविधाएं बंद या वापस कर ली जाती हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में राज्य में सत्ताधारी दल की सरकार बदलने से इन्हें मिलने वाली पेंशन और सम्मान वापस ले लिया गया। मध्य प्रदेश में 2018 में उनकी पेंशन दोबारा बहाल की गई। लेकिन बाकी दो राज्यों में वापस ली गई पेंशन और सम्मान अभी तक बहाल नहीं हुआ है। अर्जी में कहा गया है कि अर्जीकर्ता वे लोग हैं जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

अगर उन्होंने उस वक्त संघर्ष नहीं किया होता तो आज जो राष्ट्र दिख रहा है शायद वह नहीं होता। कहा है कि कई उच्च न्यायालयों ने भी आपातकाल के पीड़ितों के कष्टों को समझा और टिप्पणी की। अर्जीकताओं ने केंद्र और राज्य सरकार को कई बार ज्ञापन दिया और अपनी मांगे रखीं। कई राज्यों ने उन्हें पेंशन और सुविधाएं दी हैं लेकिन इनमें एकरूपता नहीं है और ना हीं सभी राज्यों ने दिया ही है।

## अघोषित विदेशी संपत्तियों की जांच के लिए आयकर विभाग में विशेष इकाइयां गठित

### पनामा पेपर्स जैसे मामलों की होगी छानबीन

**नई दिल्ली, पीटीआइ।** सरकार ने देशभर में आयकर विभाग की जांच शाखाओं में एक विशेष इकाई गठित की है। यह इकाई भारतीय नागरिकों की अघोषित विदेशी संपत्ति और कालाधन से जुड़े मामलों की जांच पर ध्यान देगी। हाल में देशभर में विभाग के सभी 14 जांच निदेशालयों में विदेशी परिसंपत्ति जांच इकाई (एफएआइयू) का गठन किया गया। पनामा पेपर्स जैसे लीक दस्तावेजों में सामने आई भारतीय कंपनियों के मामले की जांच का जिम्मा भी इन विशेष इकाइयों को मिलेगा।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मंजूरी मिलने के बाद इकाई के गठन के लिए नवंबर में कर विभाग के कुल 69 मौजूदा पदों में इसके अनुरूप बदलाव किया था।




एक अन्य अधिकारी ने कहा, 'भारत ने हाल में कई देशों के साथ संधि की और कुछ के साथ पूर्व में हुए समझौतों में सुधार को लेकर बातचीत की। इसके जरिये देश को बहुत सारे आंकड़े प्राप्त हो रहे हैं।' अधिकारी ने कहा कि अब हम एक वैश्विक व्यवस्था से जुड़े हैं जहां कर सूचना का स्वतः आदान-प्रदान होता है। ज्यादा से ज्यादा देश पारदर्शिता लाने, ग्लोबल मनी लांड्रिंग की समस्या, आतंकवाद के वित्त पोषण और कर चोरी से निपटने के लिए आद्र्रथक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) द्वारा तय अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल का अनुपालन कर रहे हैं।

अधिकारी ने कहा कि अवैध तरीके से जमा विदेशी संपत्ति पर लगाम लगाने के लिए कर अधिकारियों को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्रोतों से काफी आंकड़े मिल रहे हैं। इसीलिए सूचना के विश्लेषण को लेकर एक अलग इकाई की जरूरत थी। भारत को जिन प्रमुख संधियों या व्यवस्था के तहत जानकारी मिल रही है, उनमें डबल टैक्सेशन अवॉइडेंस एग्रीमेंट (डीटीएए), टैक्स इन्फॉर्मेशन एक्सचेंज एग्रीमेंट्स (टीआइईए) और हाल में भारत और अमेरिका के बीच हुए फॉरेन अकाउंट टैक्स कंप्लायंस (एफएटीसीए) शामिल हैं।

# ग्रामीण अंचल




## संक्षेप समाचार

### मिशन प्रेरणा के अंतर्गत शिक्षक संकुल की मासिक बैठक सम्पन्न

**करछना।** खंड शिक्षा अधिकारी करछना के नेतृत्व में न्याय पंचायत डीहा, करछना, प्रयागराज में शानदार तरीके से संपन्न हुई। मिशन प्रेरणा के अंर्तगत हमारा परिवेश (सामाजिक विषय) शिक्षण पर विस्तार से चर्चा हुयी।बैठक में उपस्थित समस्त शिक्षक संकुल ने बारी बारी से सामाजिक विषय शिक्षण की तकनीकियों और मिशन प्रेरणा के बारे में चर्चा किया। खन्ड शिक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि कैसे बच्चा सामाजिक विज्ञान के माध्यम से अपने आस पास के परिवेश और रिश्ते को समझ सके और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय कर सके। इसके साथ ही मुख्य बिंदु ई-पाठशाला (फेज-2) रीड ऐलाग ऐप की प्रगति, दीक्षा ऐप की प्रगति, रीडिंग कार्नर लर्निंग कार्नर, पुस्तकालय निर्माण एवं प्रेरक विद्यालय बनाने की कार्य योजना पर चर्चा की गई। प्रिंटरिच सामग्री और बाला पेंटिंग से विद्यालय को सुसज्जित करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षक संकुल की मासिक बैठक में सभी ए आर पी श्री विष्णुकांत गुप्त, कुँवर राजीव सिंह पुष्पेंद्र कुमार शुक्ल कमल कुमार मिश्रा और पुष्पराज सिंह व विनय कुमार सिंह, सभी शिक्षक संकुल और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सिविल लाइन्स में होटलकर्मी ने फांसी लगाकर दी जान



**प्रयागराज।** प्रयागराज में मशहूर होटल कान्हा श्याम के कर्मचारी कैलाश मलिक ने फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार की सुबह कटहल के पेड़ में फांसी के फंदे पर झूलते कर्मचारियों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। इसकी जानकारी सिविल लाइंस पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है पर खबर लिखे जाने तकखुदकशी का कारण साफ नहीं हो सका है। पुलिस जांच कर रही है। उसके परिवार के लोगों तथा कर्मचारियों से पूछताछ जारी है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

सिविल लाइंस थाने की पुलिस के मुताबिक, कैलाश मलिक मूलरूप से उड़ीसा का रहने वाला था। वह यहां होटल कान्हा श्याम में बतौर प्लंबर का काम करता था। वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ होटल के सामने बने परिसर में रहता था। वहीं पर होटल में काम करने वाले कुछ दूसरे कर्मचारी भी रहते हैं। बताया जाता है कि शनिवार रात कैलाश खाना खाने के बाद अपने परिवार के साथ सो गया था। इसके बाद वह न जाने कब उठकर चला गया और होटल परिसर स्थित कटहल के पेड़ में गमछे का फंदा बनाकर फांसी पर लटक गया। रविवार की सुबह अन्य कर्मचारियों ने पेड़ पर फंदे से उसकी लाश लटकी लाश देखी तो खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भिजवाया। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि कर्मचारी के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है। उसने फांसी क्यों लगाई, इस बारे में घरवाले भी नहीं बता पा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों खुल्दाबाद और शाहगंज के होटलों में बाहर से आकर टिके लोगों ने इसी तरह से खुदकुशी की थी। इन दिनों प्रयागराज में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से हो रहे हैं।

## असहायों व जरूतमंदों को वितरण किया गया कंबल

**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव के असहाय जरूरतमंदों निराश्रित परिवारों को भीषण ठंड से बचाव के लिए समाजसेवी धर्म प्रकाश शुक्ला की प्रेरणा से कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम तकरीबन ढाई सौ असहाय निराश्रितों को सभासद शैलेश सिंह शैलू ने कंबल वितरित किया। इस दौरान सभासद शैलेश सिंह ने कहा कि असहाय गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई भी पुनीत कार्य नहीं है। असहाय जरूरतमंदों की सेवा के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए इसी प्रकार सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाजसेवी उद्योगपति धर्म प्रकाश शुक्ल के द्वारा लगातार क्षेत्र में असहाय जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है जो काबिले तारीफ है। बताते चले कि उद्योगपति धर्म प्रकाश शुक्ला लॉक डाउन में भी लगातार राशन वितरण करने का काम किया है। इस दौरान अरुण त्रिपाठी, भाजपा नेता तुलसीदास राना, अरविन्द तिवारी सभासद, प्रमोद मिश्र पयासी, विजय जायसवाल, शिक्षक गोविन्द मिश्र, सफात अली सहित कई अन्य गणमान्य लोग एवं असहाय जरूरतमंद लोग मौजूद रहे।

## वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर थाना स्थानीय पर व्यापारियों संघ की गई बैठक



व्यापारियों संग बैठक करते थानाध्यक्ष

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के व्यापारियों संघ लालापुर थानाध्यक्ष ने इस बैठक में व्यापारियों और दुकानदारों को हिदायत देते हुए कहा कि अपने-अपने दुकानों के आस पास सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं और उचित रेट पर ही सामान की बिक्री करें। बैठक में मौजूद शंकरलाल पांडे, सत्यम केसरवानी, राकेश केसरवानी, आशीष केसरवानी विजय मिश्रा सुमित केसरवानी, सजनलाल केसरवानी, मक्खन लाल केशरवानी, रिशु केसरवानी, विनोद समदरिया, छेदी केसरवानी, आदि दुकानदार व्यापारी मौजूद रहे।

## कोविड-19 का सैंपल पहुंचा सा0 स्वास्थ्य केंद्र



कोविड-19 सैंपल के साथ स्वास्थ्य टीम

**हंडिया।** हंडिया तहसील क्षेत्र में रविवार को कोविड-19 जैसी घातक महामारी से बचाव के लिए शासन द्वारा भेजे गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपरदहा हंडिया में कोविड-19 की वैक्सीन का डेमो सैंपल पुलिस अभिरक्षा में लाया गया। समुदाय स्वास्थ्य केंद्र उपरदहा के अधीक्षक आशीष दुबे ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप भेजे गए। डेमो सैंपल का रखरखाव कैसे किया जाए इसके लिए सोमवार को केंद्र पर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर अभ्यास कराया जाएगा। जिससे आगामी समय में आने वाले वास्तविक वैक्सीन के रखरखाव में एवं लोगों को इसका लाभ दिलाने में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रह जाए। जिसके लिए सोमवार को पूरी तरह से इसका अभ्यास कराया जाएगा जिससे लोगों को कोविड-19 जैसी घातक बीमारी से बचाया जा सके। बता दें कि कोविड-19 जैसी घातक महामारी से आम जनमानस के बचाव के लिए शासन पूरी तरह से कटिबद्ध है। बहुत जल्द ही आम जनमानस को फायदा पहुंचेगा जिसका अभी ट्रायल चल रहा है।

## करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत घर में मचा कोहराम

**मऊआइमा।** करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत हो गई । जिससे घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने किशोर का अन्तिम संस्कार कर दिए।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरा निवासी श्याम सुन्दर मौर्या का पन्द्रह वर्षीय पुत्र सचिन कुमार मौर्या घर में लगे बिजली के बोर्ड से तार लगा रहा था। बताते हैं कि तार कटा होने के कारण सचिन को करंट लग गया और वह तडपने लगा परिजन जब तक कुछ कर पाते सचिन की मौत हो गई थी। सचिन की मौत पर घर में कोहराम मच गया। सचिन अपने माता पिता का एकलौता संतान था। परिजनों ने सचिन का अन्तिम संस्कार कर दिए।

## बकाया मजदूरी नहीं मिली तो करेंगे घेराव



बीकर गाव में सभा करते मनरेगा मजदूर

**घूरपुर।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा बीकर गाँव कमेटी ने मजदूरों के रोजगार व मनरेगा में किये काम के पेमेंट को लेकर रविवार के दिन सभा कर चेतावनी दी कि यदि मकर संक्रांति के पहले मनरेगा मजदूरों को बकाया भुगतान नहीं मिला तो ब्लाक जसरा का घेराव कर प्रदर्शन किया जायेगा।


मजदूरों ने बताया कि मनरेगा मे कुल 20 दिन काम चला जिसका अभी तक मजदूरों का पेमेंट नही हुआ है, जो कुछ मजदूरों का पेमेंट हुआ भी है दो, चार, छः दिन से अधिक नही हुआ है, और कुछ मजदूरों का तो एक भी दिन का पेमेंट नही हुआ है, अब मजदूरों के सामने मकर संक्रान्ती का त्योहार चुनौती बन खडा. है कि बच्चों के लिए कपड़ा, दाना, चबैना कहाँ से लाया जाय, जब जिम्मेदार लोगो से पैसे की बात करते हैं तो आज कल कहकर बीस दिन गुजार दिये । इसी तरह अप्रैल मई मे चले काम का भी मजदूरों का पूरा पेमेंट नही हुआ है जिसकी लिखित जानकारी सिक्रेटरी के द्वारा बीडीओ जसरा, एसडीएम बारा को दिया जा चुका है बावजूद अभी तक पुराना पेमेंट नही हो सका है। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर त्योहार से पहले पेमेंट नही हुआ तो जसरा ब्लाक मे जाकर सभी मजदूर धरना प्रदर्शन करेंगे।

इस मौके पर सुरेश निषाद, विनोद निषाद, राममूरत निषाद, रामआसरे, दीपचंद, बिष्णू, शिकुमार, रवी, गुड्डू, विमला देवी, बसंती देवी, रीता देवी, गुलाबकली, पुष्पा देवी आदि उपस्थित रहे।

## व्यक्ति एवं राष्ट्र की प्रगति में हिंदी भाषा सूचक : अनिरुद्ध सिंह

**सहसों।** विश्व हिंदी दिवस पर युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के सहसों कार्यालय पर भाजपा नेता वीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा कि हिंदी भाषा व्यक्ति एवं राष्ट्र की प्रगति का सूचक है। हमें घर से लेकर कार्यालय तक सभी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा विश्व हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य हिंदी का प्रचार प्रसार विश्व स्तर पर हो तथा हिंदी के प्रति लोगों में प्रेम अनुराग तथा जागरूकता पैदा करना है द्य हिंदी भाषा ही नहीं अपितु आपसी प्रेम संबंध का प्रतीक भी है। संस्था के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश केसरवानी ने कहा कि हिंदी भाषा से ही हमारी पहचान दुनिया के देशों में हैं। हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए समय.समय पर हिंदी सम्मेलन का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें हिंदी भाषा के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा की जाती है। हिंदी हमारी मातृभाषा है। जिसे पढ़ने लिखने और बोलचाल की भाषा में अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए तभी हिंदी दिवस मनाने की सार्थकता होगी। अध्यक्षता कर रहे वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हमारी राष्ट्रभाषा मातृभाषा हमारे देश का गौरव है। जिसकी पहचान विश्व स्तर पर अमिट रूप से बनी रहे इसके लिए सभी को अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार करना चाहिए। इस मौके पर डॉ अमित यादव, पूर्व प्रधानाचार्य राम सिंह सिगरौर, शैलेंद्र सिंह एडवोकेट, विष्णु केसरवानी, विपिन केसरवानी, आकाश सिंह, पंकज सिंह, डॉक्टर केसी गुप्ता, प्रदीप साहू, डॉ प्रमोद गुप्ता सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद रहे।

## हमारे देश की भाषा हिन्दी है इसे समाज में कायम रखना हर नागरिक का कर्तव्य है : त्रिवेण पाण्डेय



**करछना।** विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर तहसील करछना के डीहा गांव में प्रबुद्ध जनों की गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई बुद्ध जीवियो व गणमान्य लोग शामिल रहे विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रयागराज करछना के जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने गोष्ठी में विचार वयक्त करते हुए कहा कि संसार की अनंत भाषाओं में हिन्दी भाषा सबसे अधिक सरल और लचीली भाषाओ में एक है हिंदी बोलने समझने वाली जनता विश्व में 50 करोंड़ से ज्यादा है, और अपने भारत देश की पहचान है इसे समाज में कायम रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर कई हिन्दी भाषियों ने विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर अपने बिचार करते हुए विश्व हिन्दी दिवस हिन्दी दिवस की एक दूसरे को बधाई दी।

## सामाजिक वैचारिक दूरी को कम करता है खेल : मुकुंद लाल

**प्रतापपुर।** माँ गायत्री शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज प्रतापपुर के तत्वावधान में अन्तरकक्षीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । जिसमें लीग मैच कक्षा 6 व 9 तथा कक्षा 7 व 8 तथा कक्षा 10 व 11 की टीम के बीच हुई। जिसमें कक्षा 9, 7 व 10 की टीम विजयी हुई । सेमीफाइनल मैच कक्षा 6 व 9 के बीच तथा कक्षा 7 व 10 के बीच हुई जिसमें कक्षा 9 व 7 की टीम विजयी होकर फाइनल मैच खेली जिसमें कक्षा 9 उपविजेता व कक्षा 7 की टीम विजेता हुई । मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री/जिला कार्य समिति सदस्य मुकुंद लाल मौर्य ने कहा कि खेल से सामाजिक, वैचारिक दूरी समाप्त होती है खेल में प्रतिभाशाली लोगों की प्रतिभा निखर कर आती है जिला महामंत्री हरिभूषण सिंह ने प्रतियोगियों को आशीर्वाद प्रदान किया व विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया। विशिष्ट अतिथि जिला कार्यसमिति सदस्य सभाजीत मिश्र व प्रधानाचार्य मनोज सिंह आचार्य ने प्रतियोगी छात्रों को अपने आशीर्वचन प्रदान किए व उप विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किए। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सिरीज हरिओम पांडेय को प्रधानाचार्य मनोज सिंह आचार्य पूर्व खिलाड़ी कृष्ण कुमार यादव ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किए। अध्यापक राजेंद्र सिंह व पत्रकार राज बहादुर यादव ने प्रतियागियों को पुरस्कृत किए। उक्त अवसर पर जमुना सिंह, धर्मेंद्र सरोज, श्यामजी त्रिपाठी, अनूप पांडेय, पूर्व छात्र वेग सिंह, अभिनव सरोज, बृजभान यादव का विशेष सहयोग रहा।

## जरूरतमंदों की मदद के लिए ना करें किसी का इंतजार : डा० एस०आर०

### पिछड़ा अति पिछड़ा महासभा ने गरीबों को बांटे कम्बल



बाबूगंज में गरीबों को कंबल वितरित करते समाजसेवी डा० एस०आर० पाल

**फूलपुर।** पिछड़ा अति पिछड़ा महासभा प्रयागराज ने रविवार को क्षेत्र के पचास गरीब परिवारों को कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा अति पिछड़ा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एस आर पाल ने कहा कि गरीबों के लिए संस्था का यह प्रयास बहुत सराहनीय है। इस ठंड में जरूरतमंदो को यह मदद उन्हें बहुत राहत देगी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद के लिए खुद ही सदैव तैयार रहना चाहिए। गरीबों की मदद के लिए हमें किसी का इंतजार नहीं करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ग्राम रोजगार सेवक संगठन के मंडल अध्यक्ष विजय चंद्र विश्वकर्मा ने कहा ऐसी मदद समाज के निचले वर्ग तक पहुंचाने के लिए महासभा के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र है।

महासभा के संरक्षक राम निहोर पाल ने पिछड़ा अति पिछड़ा महासभा के कार्यवृत्त पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महासभा के सदस्य आपसी सहयोग से जनहित के यह कार्य कर रहे है। इस समय महासभा द्वारा विभिन्न स्थानों पर जरुरतमंदों को स्वेटर, कंबल, शाल आदि का वितरण किया जा रहा है। पाली गांव की कलनी देवी, सवारी देवी, अमरावती, राजकली, राम आसरे, प्रेमचंद गुप्ता, राम सिंह, राजेश, सुभाष, जवाहर लाल, गेना देवी, गुलाब कली, राम सजीवन, केसा देवी, सुगना देवी, इंद्रदेवी, चंपा देवी, जीतलाल, बाबू लाल, रामसूरत, श्रीकांत, छोटे लाल, बृजलाल, राजधारी सहित सभी लाभार्थी कंबल पाकर प्रफुल्लित उठे। इस अवसर पर मुकेश कुमार पाल, हरिराम यादव, शुभम डिजाइनर, विकास कुमार, राम राज गायक, नन्हे यादव, सुरेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## कोरोना प्रबंधन की दुनिया भर में हुई सराहना : निमिश खत्री



कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर्स व अन्य

**मऊआइमा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्लू0एच0ओ0 प्रतिष्ठित मैगजीन टाइम समेत दुनिया ने यूपी व भारत के कोरोना प्रबंधन की सराहना की है। चाहे प्रवासी मजदूरों का विषय हो या स्वरोजगार का हर जगह योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश का झंडा बुलंद किया। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के तहत कार्य कर रही है। आज उत्तर प्रदेश में पुनः मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की शुरूआत हो रही है जिसमें आयुष्मान भारत योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं के गोल्डन कार्ड भी वितरित किए जाएंगे आम जनमानस को उन्नत चिकित्सकीय सेवाएं सुगमता से उपलब्ध करानी है तो हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश के श्रमिकों के कल्याण हेतु अभी माननीय मुख्यमंत्री ने मनरेगा का बजट 8500 करोड़ से बढ़ाकर के 15000 करोड़ कर दिया जिससे अब हर गांव में हर हाथ को काम मिलना तय हो गया है।

## करछना के कबरा रवनिका गाँव की मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत

**करछना।** विकास खण्ड करछना के कबरा गांव में ग्राम प्रधान व बीएलओ की मिलीभगत कर मतदाता सूची मे बडे पैमाने पर अनियमितता बरती गई है जिसमे गांव के कई लोगो का मतदाता सूची से नाम काट दिया गया जबकि पडोसी गांव डीहा के कई लोगो का नाम मतदाता सूची मे नाम जोडकर बडी गड़बड़ी की गई है।गांव निवासी सुरेश कुमार तिवारी, जयकृष्ण मिश्रा समेत कई लोगों ने शिकायत कर मतदाता सूची से काटे गये नामो को जोड़ा जाए और बाहरी लोगो का नाम काटा जाए साथ ही मतदेय स्थल को रवनिका की जगह कबरा किया जाए नही तो चुनाव निष्पक्ष नही होगा और प्रधान के प्रभाव में गड़बड़ी की आशंका बनी रहेगी।

## अरैल में चला सफाई अभियान, किया जागरूक



अरैल स्थित पुराने घाट पर साफ सफाई करते बच्चे

**नैनी।** क्षेत्र के अरैल स्थित पुराने पक्के घाट पर रविवार सुबह सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें नवयुवकों के साथ ही छोटे-छोटे बच्चों ने भी स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई। घाटों पर फैली हुई गंदगियों को सफाई कार्य करते हुए जन जागरण एवं जल संरक्षण हेतु स्नानार्थियों, तीर्थ पुरोहितों एवं नाविकों को जागरूक किया गया। इस मौके पर संस्था के प्रबंधक/सचिव कुंवर जी तिवारी ने कहा टुटी फूटी मूर्तियां, शीशे युक्त फोटो फ्रेम, सड़े-गले फल फूल आदि गंगा में प्रवाहित न करके बालू में गड्डे कर पाट देना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि पालीथीन का प्रयोग घाटों पर प्रतिबंधित होना चाहिए। जिससे जलीय जीवों को कोई नुक्सान न पहुंचे। इस दौरान निखिलेश पांडेय, मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी, संदीप सिंह, सुनील कुशवाहा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### सड़क बनाने के बाद टेंडर जारी करने में मेयर ने मांगी रिपोर्ट

**प्रयागराज ।** मम्फोर्डगंज में सड़क निर्माण के बाद उसी सड़क का टेंडर जारी करने के मामले में मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी एवं नगर आयुक्त रवि रंजन ने मुख्य अभियंता सतीश कुमार से रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में नगर निगम के दो कर्मचारी कार्रवाई की जद में आ रहे हैं। सूत्रों की मानें तो सड़क निर्माण संबंधी टेंडर पूर्व में ही जारी करने का निर्देश दिया गया था लेकिन जानबूझकर इसे रोक लिया गया। सड़क बन जाने के बाद टेंडर जारी किया गया। इसे वित्तीय अनियमितता मानते हुए जांच कराई जा रही है। एक समाचार पत्र नें इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इस पर मेयर व नगर आयुक्त ने मामले में रिपोर्ट मांगी है। दूसरी तरफ काम कराए जाने के बाद टेंडर निकालने के कुछ अन्य मामले भी सामने आ रहे हैं। नगर निगम ने छह जनवरी को शहर में 19 कार्यों के लिए टेंडर जारी किया था। अशोक नगर, कालिंदीपुरम, मम्फोर्डगंज, मीरगंज आदि स्थानों पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सड़क, नाली, इंटरलाकिंग का काम कराना था। इन्हीं कामों में मम्फोर्डगंज में एचआईजी कालोनी के फ्लैट नंबर एक से 14 तक क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण कार्य का भी टेंडर जारी हुआ था। पता चला कि उक्त सड़क तीन दिन पहले ही बनाई गई थी। ऐसे में बन चुकी सड़क के लिए टेंडर जारी करने के मामले ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया।

### युवा समाजसेवी के नेतृत्व में दूसरे दिन यमुना नदी के आठ घाटों की गयी सफाई

**करमा।** रविवार कों लगातार दूसरे दिन भी युवा समाजसेवी मुकेश द्विवेदी कें नेतृत्व में, जगदीशपुर बिरवल, कचरा, मानपुर, मझियारी इत्यादि यमुना कें घाटों की सफाई करके यमुना कों स्वच्छ एवम प्रदूषणमुक्त रखने का संदेश दिया गया इस अवसर पर युवा समाजसेवी श्री द्विवेदी नें जल एवम यमुना की महत्ता कों ग्रामीणों कें मध्य साझा करतें हुए बोलें कि संपूर्ण यमुनापार में जलाशय का प्रमुख स्त्रोत केवल यमुना ही हैं । यमुना नदी कें बल पर ही बालू, मछली समेत प्रत्यक्ष एवम अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों का जीवन यापन होता हैं किन्तु जानकारी के अभाव में लोग कूड़ा करकट समेत कई अनावश्यक वस्तुओं कों नदी में फेंक देते हैं जिससे यमुना का जलस्तर दिनो दिन प्रभावित हों रहा हैं।

## अतीक के करीबी अख्तर के मकान को पीडीए ने ढहाया

**प्रयागराज।** अपराधियों के खिलाफ योगी सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करने में लगी हुई है। अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। गलत तरीके से की गई अर्जित संपत्तियों पर जबरदस्त तरीके से कार्रवाई हो रही है। इसी क्रम में रविवार को जब पीडीए का बुलडोजर धूमनगंज थाना क्षेत्र के उमरी गांव में पहुंचा तो लोगों की भीड़ लग गई। विकास प्राधिकरण का बुलडोजर साथ में पुलिस टीम पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के गुर्गे एजाज अख्तर के अवैध निर्माण के पास रुक गई। देखते ही देखते पीडीए का बुलडोजर ने मकान को ध्वस्त करने में जुट गई। विकास प्राधिकरण के अधिकारी केमुताबिक धूमनगंज थाना क्षेत्र के उमरी में अख्तर ने बिना नक्शा पास कराये मकान बनवाया था। पीडीए के जोनल अधिकारी आलोक



अख्तर के मकान को ढहाता पीडीए का जेसीबी

पांडेय के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। एजाज अख्तर अतीक गैंग का खास सदस्य है। इसके ऊपर धूमनगंज, कौशाम्बी में दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं। दो साल पहले पेशी के दौरान शिवकुटी इलाके से पुलिस हमला पर करके भागा था। पुलिस ने भागने के दौरान ही उसे गिरफ्तार किया था। रविवार को एजाज के मकान को पूरी तरीके से ध्वस्त कर दिया गया है।

## आईटीबीपी की परीक्षा में नकल करता हुआ पकड़ा गया परीक्षार्थी

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के विवेक नगर स्थित डाः मुरली मनोहर जोशी इंटर कालेज में रविवार को आयोजित आईटीबीपी की परीक्षा के दौरान एक युवक नकल करता हुआ पकड़ा गया। जिसके खिलाफ नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित विवेक नगर के समीप डाः मुरली मनोहर जोशी इंटर कालेज में रविवार सुबह 11 से लेकर दोपहर बारह बजे तक आईटीबीपी की परीक्षा का आयोजन चल रहा था। उक्त कालेज के कक्ष संख्या तीन में मथुरा के उधार गांव निवासी अश्वनी कुमार पुत्र कोमल सिंह को गठित टीम ने रंगे हाथ नकल करते हुए पकड़ लिया।टीम ने ओएमआर सीट को सील कर दिए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी परीक्षार्थी के खिलाफ नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

**प्रयागराज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि रविवार को मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 के निर्देश पर कुल 22 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 61 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का पुनः आरम्भ किया गया, जिसमें 191 चिकित्सक तथा 832 पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 6621 मरीजों का परीक्षण, परामर्श, दवा वितरण, जाँच तथा संदर्भन किया गया। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी तथा आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को कुल 551 गोल्डन कार्ड का वितरण किया गया। गर्भावस्था एवं प्रसव कालीन परामर्श तथा सेवायें दी गयी। संस्थागत प्रसव सम्बन्धी जागरुकता, जन्म पंजीकरण, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा, पूर्ण टीकाकरण परामर्श, परिवार नियोजन सम्बन्धी परामर्श, बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया के रोकथाम, बचाव एवं उपचार की जानकारी तथा सुविधायें दी गयी। तम्बाकू सेवन को रोकने के लिये जागरुकता, तम्बाकू छोड़ने में सहायता के उपाय बताये गये। कुल 114 मरीजों का उच्च स्तरीय इकाईयों पर संदर्भन किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन आगामी प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में आये हुये 1044 व्यक्तियों का कोरोना का ऐण्टीजन टेस्ट किया गया, जिसमें कोई भी व्यक्ति पॉजीटिव नहीं पाया गया। कोविड हेल्प डेस्क के द्वारा सभी व्यक्तियों को कोरोना से बचाव के उपाय जैसे हाथ धोना, मास्क का प्रयोग, सेनीटाइजर का इस्तेमाल करने तथा दो गज की दूरी के पालन के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रयागराज मण्डल प्रयागराज डॉ० मोहन जी श्रीवास्तव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-जगतपुर पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया तथा मेले में उपस्थित चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को अच्छी स्वास्थ्य सुविधायें देने तथा मेले का वृहद प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जनपद तथा ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने भी स्वास्थ्य मेले के सुचारु संचालन हेतु निरीक्षण/भ्रमण किया।

## पीडीए से नाराज आवंटियों ने फ्लैट वापसी को दी अर्जी

**प्रयागराज।** कालिंदीपुरम के मौसम विहार आवासीय योजना में रहने वालों ने सामूहिक रूप से फ्लैट वापस करने के लिए विकास प्राधिकरण में अर्जी दे दी है। इसके बाद से विकास प्राधिकरण में हड़कंप मचा हुआ है। अपार्टमेंट में रहने वाले लोग पहले ही सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इसी बीच अराजकतत्वों द्वारा गार्ड की पिटाई करने के बाद से मामला और बिगड़ गया। लोगों का कहना है कि बिना सुविधा और सुरक्षा के पीडीए के अपार्टमेंट में नहीं रहा जा सकता।

मौसम विहार अर्पाटमेंट में करीब 346 फ्लैट बनाए गए हैं। इनमें कीब 150 फ्लैट अभी खाली पड़े हैं। अपार्टमेंट में सीवर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। भूतल स्थित फ्लैट में रहने वालों के घरों में गंदा पानी भरा रहता है। अब तक जेनरेटर और अग्निशमन यंत्र की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इन सुविधाओं के साथ ही सुरक्षा को लेकर भी लोग चिंतित रहते हैं। चार दिन पूर्व अराजकतत्वों द्वारा सुरक्षाकर्मी की पिटाई से लोग नाराज होकर अफसरों के यहां पहुंच गए। पीडीए उपाध्यक्ष के साथ ही डीएम और डीआईजी से भी शिकायत की गई है। इस मामले में पीडीए सचिव दयानंद प्रसाद का कहना है कि अपार्टमेंट के सुरक्षाकर्मी से कुछ लोगों ने मारपीट की थी। पुलिस को कार्रवाई के लिए कहा गया है।

## करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मना जन्मदिन

**बरौत।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू जी का जन्म दिन जिला कार्यालय निर्मल निकुंज कालोनी वार्ड नं 5 हड़िया में करणी सेना के जिला अध्यक्ष प्रयागराज गंगापार बिनोद कुमार पांडेय की अगुवाई में करणी सैनिकों के द्वारा केक काटकर एंव मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री देवानंद पाल, जिला मंत्री सवेश दूबे रिंकू, जिला प्रवक्ता राजेश यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, विधानसभा प्रतापपुर अध्यक्ष श्याम सुन्दर गुप्ता, बिमलेश यादव, नागेश यादव, नागेन्द्र यादव, पप्पू यादव, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रवीण मिश्रा, विरेन्द्र कनौजिया, प्रिंश कुशवाहा, संदीप गुप्ता, राजेन्द्र विश्वकर्मा, सुरज कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में करणी सैनिक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बसने से पहले ही माघ मेला में लगी भीषण आग

**प्रयागराज।** मेला बसने से पहले ही रविवार की शाम माघ मेला में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने का प्रयास करने में जुट गई। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। आग लगने की वजह से मेला में अफरा-तफरी का माहौल है। गनीमत यही रहा कि अभी जगह-जगह शिविर लगने की तैयारियां हो रही हैं। कुछ जगहों पर शिविर लग भी चुका है। जैसे ही आग लगने की सूचना दमकल विभाग को हुई तो तत्परता दिखाते हुए मौके पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां पहुंच गई। हालांकि माघ मेला प्रशासन की तत्परता की वजह से आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने से नवनिर्मित टेंट तथा उसके आसपास के टेंट जलकर खाक हो गये।



माघ मेंला में आग लगने के बाद जलता टेंट व उठता धुंआ

## बिनैका बाबा के शिविर में हुई कोविड-19 की हुई जांच

**प्रयागराज।** माघ मेला के त्रिवेणी मार्ग पर लग रहे जगद्गुरु स्वामी नरहयार्चार्य द्वाराचार्य बिनैका बाबा के शिविर साकेतधाम में

गुरूवार को कोविड-19 की जांच हुई। श्रद्धालुओ को कोविड जांच कराने को प्रेरित करने के लिये जगद्गुरु बिनैका बाबा ने सबसे पहले अपनी कोविड की अपनी जांच करवायी। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक महामारी का दौर है। ऐसे मे प्रत्येक प्रत्येक देवनवासी का कर्तव्य बनता है कि वह आगे आये और कोरोना से स्वयं का बचाव करते हुए प्रभावित लोगों की मदद करे। कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं और शिष्यों की कोविड जांच के बाद प्रवेश दिया जायेगा। इस दौरान शिविर में सभी शिष्यों और काम करने वालो की कोरोना की जांच हुई। यह जानकारी शिविर व्यवस्थापक आचार्य अवधेश द्विवेदी ने दी है।



कोविड-19 की जांच करती स्वास्थ्य टीम

### साकेत धाम शिविर में भंडारा कार्यक्रम आज से

माघ मेला क्षेत्र के साकेत धाम शिविर में भंडारे का आयोजन आज से शुरू हो गया है। जगतगुरु विनायका बाबा ने जनसंदेश टाइम्स को बताया यह भंडारा मेला समाप्ति तक चलेगा।

## विश्व हिन्दी दिवस पर शुआट्स में कार्यक्रम आयोजित

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के वाघ इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में रविवार को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर ऑनलाइन कविता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने जीवन के विभिन्न पहलुओं से संबंधित कविताओं का रोचक ढंग से प्रस्तुत किया।

इसके उपरांत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक जीवनशैली में बदलाव और इससे जुड़ी बीमारियां था। विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपने- अपने निबंध के साथ प्रतिभागिता की।

कार्यक्रम की प्रस्तुति बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की छात्रा ख्याति पटेल ने की। कार्यक्रम की स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर दीपांजलि सिंह और अनुग्रह सिंह थी। सयोंजक प्रोफेसर डॉ. दीपक लाल (एसोसियेट डीन) थे जिनकी अध्यक्षता में कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

निर्णायक मंडल की अध्यक्षता इंजीनियर अजैनद्र आईसैक, सहायक प्रोफेसर तथा इंजीनियर आशुतोष किस्पोट्टा, सहायक प्रोफेसर ने की। कार्यक्रम कें सफल आयोजन में सोशल मीडिया समिति के अध्यक्ष इंजीनियर सी. जॉन वेस्ली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बच्चों का मित्र, दार्शनिक एवं मार्गदर्शक बनें शिक्षक

**प्रयागराज।** परमहंस योगानन्द के शिक्षा दर्शन पर पतंजलि ऋषिकुल की ओर से ऑनलाइन प्रस्तुति की गई। प्रधानाचार्य नित्यानन्द सिंह ने कहा कि योगानन्द का शिक्षा दर्शन जीवन के समग्र विकास की ओर उन्मुख करता है। योगानन्द के साथ उनके समकालीन गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर एवं महात्मा गांधी की मुलाकात तथा संवाद पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। परमहंस योगानन्द के अनुसार शिक्षक को एक मित्र, दार्शनिक एवं मार्गदर्शक के रूप में होने की जरूरत है। अंत में विद्यालय की उपाध्यक्ष डॉ. कृष्णा गुप्ता ने कहा कि ह्यशिक्षा का परम उद्देश्य दिव्य ज्ञान को प्राप्त करना एवं जीवन मूल्यों को आत्मसात करना है। प्रबन्धन समिति के गणमान्य सदस्य रवीन्द्र गुप्ता, रेखा वैद गुप्ता, यशोवर्धन, प्रधानाचार्या सुष्मिता कानूनगो, अल्पना डे, विभा श्रीवास्तव आदि रहे।

## प्रधान व सचिव के खिलाफ दर्ज कराई जाएगी एफआईआर

**प्रयागराज।** होलागढ़ ब्लॉक के अकौढ़ी गांव में पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय के निर्माण में घपला करने पर सचिव व प्रधान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। सरकारी धन के दुरुपयोग व निर्माण से समझौते की रिपोर्ट तैयार हो गई है। डीपीआरओ ने बताया कि दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव ने शुक्रवार को होलागढ़ ब्लॉक के अकौढ़ी गांव में पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया था। यहां पर घटिया क्वालिटी के ईंट, बालू आदि के इस्तेमाल की शिकायत थी। बताया जा रहा है कि निमार्णाधीन भवन के करीब खड़े सचिव ने जब डीपीआरओ के वाहन को आते देखा तो मौके से फरार हो गया। प्रधान व सचिव के खिलाफ दर्ज कराया जाएगा मुकदमा। दोनों ही निर्माण गिरवा दिए गए हैं। डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के अनुरूप जो गाइड लाइन दी गई है, उसके अनुसार काम नहीं किया गया था। निर्माण के बाद यह भवन कभी भी ढह सकते थे। ऐसे में जान माल का बहुत बड़ा खतरा हो सकता था। जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्माण ढहाने का आदेश दिया गया और इसे गिरा भी दिया गया। सरकारी धन के दुरुपयोग पर जिम्मेदार लोगों से रिकवरी कराने का प्रयास चल रहा है। इसके लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा जिससे भविष्य में ऐसा करने वालों को सबक मिल सके।

## प्रा0 स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**लालापुर।** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन रविवार को किया गया, जिसका उद्घाटन समाजसेवी भाजपा जिला प्रतिनिधि शंकर लाल पांडे ने फीता काटकर किया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले से क्षेत्र की जनता को शारीरिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही है और आरोग्य स्वास्थ्य मेले के माध्यम से फ्री में लोगों को चिकित्सकों द्वारा इलाज व परामर्श



मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते समाजसेवी

मिल रहा है। क्षेत्र के लोग मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले से ज्यादा से ज्यादा जुड़े और अपनी बीमारियों का समुचित इलाज करवाएं। आरोग्य मेले में मौजूद डॉक्टर अभिषेक सिंह ने उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 31 मरीज आए जिनमें सबसे ज्यादा पेशेंट शुगर, बीपी, आंख के साथ अन्य मरीज थे जिनका इलाज किया गया।

इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालपुर में डॉ पुनीत कुमार, दिनेश कुमार सिंह नेत्र परीक्षण, दिनेश सिंह फार्मासिस्ट, सांवरे लाल शुक्ला वार्ड बॉय, गीता सिंह, ममता सिंह एवं आंगनवाड़ी की सुपर वाइजर एवं स्वास्थ्य विभाग की अन्य टीम उपस्थित रही। डॉक्टर अभिषेक सिंह ने बताया कि क्षेत्र में एंबुलेंस से मरीजों को लाया जाता है और उनका इलाज करके उन्हें घर वापस भेजा जाता जाता है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0ः UPHIN2001/9025

## गृहकर न जमा करने वाले 80 लोगों के खिलाफ होगी कुर्की

**प्रयागराज ।** लंबे समय से गृहकर न जमा करने वालों के खिलाफ नगर निगम सख्ती कर रहा है। नगर निगम ने ऐसे 80 लोगों को चिह्निद्दत किया है जो लंबे समय से कर नहीं चुका रहे हैं। इसमें 20 लाख तक के बकाएदार हैं। इनको कुर्की का नोटिस जारी किया गया है। इसी महीने के अंत में कुर्की की कार्रवाई कर गृहकर की वसूली की जाएगी। कर न जमा करने वालों में फाफामऊ, तेलियरगंज, एमजी मार्ग, कमला नेहरू रोड, स्टैनली रोड, ताशकंद मार्ग, राजापुर, हीवेट रोड, कटरा, कर्नलगंज, सादियाबाद, स्वराजनगर आदि क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। नगर निगम चिह्निद्दत लोगों के खिलाफ 18 जनवरी से ही कुर्की की कार्रवाई शुरू कर देगा। 12 फरवरी तक यह कार्रवाई चलती रहेगी। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके मिश्रा का कहना है कि नगर निगम के नियमों के तहत ही कार्रवाई की जा रही है।

## विपत्ति आने पर भगवान ही दु:खों से करते हैं मुक्त : अभिषेक कृष्णम्





सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भभागवत कथा के छठवें दिन उपस्थित श्रोताओं की भीड़ व कथा वाचक पं0 अभिषेक कृष्णम्

### श्री मद्भभागवत कथा के छठवें दिन रुक्मिणी विवाह का हुआ सुंदर वर्णन

**शंकरगढ़।** सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भभागवत कथा के छठवें दिन आचार्य पं.अभिषेक कृष्णम (हरिकिंकर जी) महराज ने महारासलीला का वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब गोपियां चाही तब-तब कृष्ण भक्ति प्रेम में नाचते रहे। भगवान श्रीकृष्ण व गोपियों का रासलीला निश्चल प्रेम को प्रमाणित करता है। शरद पूर्णिमा की रात यमुना तट पर महारास का आयोजन किया गया था जिसमें जितनी गोपी उतने कृष्ण ने महारास की थी।रासलीला में कृष्ण को छोड़कर किसी अन्य मर्द का वहां जाना निषेध था जबकि भगवान भोलेनाथ ने महिला के वेश वेष में रास का दर्शन किए थे।

बाबा बैजनाथ धर्मशाला नारीबारी में चल रहे कथा में कथावाचक ने कहा कि हम सांसारिक मोहमाया में पड़कर भगवान को भूल जाते हैं। जबकि विपत्ति आने पर भगवान ही दुखों से मुक्त करते हैं। यह सच्चे प्रेम से ही संभव है। जिस दिन इंसान को ईश्वर से सच्चा प्रेम हो जाऐगा उस दिन दुखो का हरण व वैभव की प्राप्ति हो जाऐगी। बीच-बीच मे संगीतमय कीर्तन-भजन मे भक्तो ने भक्ति भाव से परिपूर्ण होकर झूमते-नाचते रहे। इस अवसर पर बैजनाथ केसरवानी, रमेश, आरपी सिंह, आद्याकांत, ऋषि मोदनवाल, दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे और आरती पूजन करके प्रसाद ग्रहण किया।

## संक्षेप समाचार

### विधायक ने फीता काटकर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया उद्घाटन

**प्रतापगढ़।** विकासखंड मंगरौरा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंदाह में मुख्य अतिथि सदर विधायक ने फीता काटकर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि मेले का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए जागरूक करना। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का प्रचार प्रसार करना सभी बीमारियों का इलाज के साथ सभी योजना का लाभ ले। कैंप में उपस्थिति उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा नजीब ने कहा मुख्यमंत्री के आदेशानुसार जनपद के समस्त विकास खंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के समस्त प्राथमिक स्वास्थ केन्द्रो पर हर रविवार को सुबह 10 बजे से 4 बजे के बीच जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया जायेगा।आयोजित मेलों में ओ0पी0डी0 की सेवाओं टी0वी0,मलेरिया,फाइलेरिया सहित संचारी रोगो के सबंध में भी स्टाल लगाकर जन मानस को सेवायें प्रदान की जाएगी।

# लूट व हत्या की घटनाओं से दहला बेल्हा

**पट्टी के सरार्फा व्यवसायी की हत्या कर बदमाशों ने की दस लाख की लूट, दुकान बंद कर बाइक से घर जाते समय रास्ते मे दिया घटना को अंजाम**

**प्रतापगढ़।** जिले में लूट व हत्या की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है।नगर के श्याम विहारी गली में सरार्फे की दुकान से हुई 80 लाख रुपये के लूट का मामला ठंडा भी नही हुआ कि बदमाशों ने पट्टी के एक और सरार्फा व्यवसायी की हत्या कर सरेशाम 10 लाख रुपये के जेवरात व नगदी लूट लिये।लूट की इन दोनों घटनाओं से जहाँ जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त दिखाई दे रही है वही व्यापारियों में खौफ और दहशत देखा जा रहा है।

पट्टी चैराहे पर रायपुर रॉड निवासी अलीबक्स के बेटे अहमद व मुस्तकीम ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं।शनिवार कैडर शाम दोनों भाई दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे।अहमद बाइक चला रहा था और मुस्तकीम जेवरात और दिन भर की नगदी से भरा बैग लेकर पीछे बैठा था।जैसे ही उनकी बाइक घर से कुछ दूर पहले रायपुर पुलिया पर पहुंची बाइक सवार तीन बदमाश उन्हें रोककर उनके पास मौजूद जेवरों से भरा बैग तमंचा सटाकर छीनने लगे।विरोध करने पर एक बदमाश अहमद35 के माथे पर गोली मार दिया।अहमद के गिरते ही मुस्तकीम भी बैग समेत गिर पड़ा।बदमाश तमंचे की मुठिया से मुस्तकीम को मारकर उससे बैग छीन लिए और बाइक से पट्टी की ओर भाग गए।फायर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुचे और गमबीर रूप से घायल दोनों भाइयों को सीएचसी पट्टी ले गए।चोट की गंभीरता को देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में परीक्षण के बाद अहमद को मृत घोषित कर दिया गया।खबर फैलते ही जिला अस्पताल व्यापारियों से भर गया।



व्यापारियों ने विरोध में पट्टी उड़ैयाडीह मोड़ पर चक्का जाम व नारेबाजी करते

## लूट की घटना से सहमे व्यवसायी

**पट्टी में सपा कार्यकर्ताओं ने किया रोड शो, लगाया जाम, मांग पूरा करने के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ जाम, आक्रोशित व्यापारियों ने बंद कराया सब्जी मंडी**

**प्रतापगढ़।** शनिवार की शाम सरार्फा व्यवसाई की गोली मारकर हत्या और लूट से आक्रोशित व्यापारियों ने पट्टी उड़ैयाडीह मोड़ के पास स्थित सब्जी मंडी बंद करवा दिया व्यापारियों का कहना है कि जब तक मामले का खुलासा नहीं होता और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता है।तब तक व्यापारी चुप नहीं बैठेंगे। व्यापारियों ने नगर में भ्रमण कर सभी व्यापारी भाइयों से एकजुट होने के अपील भी किया और पट्टी कोतवाल नरेंद्र सिंह को हटाने की भी मांग की और आपको बता दें कि पट्टी मैं दिन भर सन्नाटा फैला रहा और कैविनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह के आने के बाद आश्वासन दिया गया।इस मौके पर सपा के कार्यकताओं ने जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर घंटो पुलिस वालों से छींटाकशी होती रही। अधिकारियों के बहुत समझाने के बाद लाश को घर ले जाया गया और वहां पर दाह संस्कार पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में किया गया। प्रशासन ने उनकी सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।



चेकिंग से भागे युवक के पैर पर लगी गोली जख्मी हालत में

## चेकिंग से भागे युवक से मुठभेड़, पैर में लगी गोली

**प्रतापगढ़।** पट्टी थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान रोकने पर भागे बाइक सवार का पुलिस ने पीछा किया तो उसने फायर कर दिया। इस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग कर उसे दबोच लिया। पुलिस के फायर करने पर आरोपित के पैर में गोली लग गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पट्टी में शनिवार शाम एक सर्राफ की हत्या और लूट की घटना के बाद पुलिस ने जगह-जगह नाकेबंदी की थी। नगर कोतवाली पुलिस भी जिरियामऊ में चेकिंग कर रही थी। बताते हैं कि रात करीब 12 बजे बाइक से जा रहे एक युवक को पुलिस ने रोका तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर लिया। सई नदी के खीरीबीर पुल के पास पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी फायर किया तो गोली आरोपित के बाएं पैर में लगी और वह गिर गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया और उसके पास से एक तमंचा बरामद किया। पकड़ा गया आरोपित कंधई इलाके के यहियापुर गांव का निवासी मो. शोएब (26) पुत्र आसिम अली बताया गया। रात 3.30 बजे उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार आरोपित पर पहले भी जानलेवा हमले और लूट का मामला दर्ज है।

## महान व्यक्तित्व के धनी थे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामसुख पाठक

**पट्टी।** आसपुर देवसरा ब्लाक के रामपुर बवरिहा गाँव निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामसुख पाठक के आकस्मिक निधन पर शनिवार को उनके घर पहुंच कर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने गहरा दुख प्रकट किया और परिवार वालों को सांत्वना दी। इस दौरान दिनेश तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पँडित रामसुख पाठक महान व्यक्तित्व के धनी थे, स्वतंत्रता संग्राम में उनका बहुत ही बड़ा योगदान रहा है।वह बहुत ही व्यवहार कुशल एवं कर्मठ व्यक्तित्व के थे। वह सभी के सुख दुख में हमेशा खड़े रहते थे। उनका निधन अत्यंत दुखद एवं असहनीय है। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि भगवान उनकी आत्मा को शांति और परिवार वालों को साहस एवं संबल प्रदान करें। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, ब्लाक देवसरा के प्रधान महासचिव प्रदीप पाठक, नन्हे लाल मिश्रा, बिनय कुमार उपाध्याय, विधानसभा सचिव रिंकू पाठक, धर्मेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर मशीन की चपेट में आने से ट्रैक्टर मालिक की हुई दर्दनाक मौत

**जौनपुर के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र का था ट्रैक्टर मालिक, भाड़े पर चारा बनाने आया था आसपुर देवसरा**



घटना स्थल पर मृत अवस्था में ट्रैक्टर मालिक

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में चारा काटने वाली मशीन में फंसकर ट्रैक्टर मालिक की दर्दनाक मौत हो गई। वह ट्रैक्टर व मशीन लेकर सूखे पुआल का चारा बनाने आया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मशीन से निकालकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जौनपुर जनपद के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के करनपुर निवासी शिवाजी यादव (38) शनिवार को अपना ट्रैक्टर व चारा मशीन लेकर भाड़े पर आसपुर देवसरा के केवटली गाँव में छोटेलाल यादव के घर सूखे पुआल का चारा बनाने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शिवाजी खुद पुआल मशीन में लगा रहा था। इसी बीच उसका हाथ मशीन में फंस गया। उसने शोर मचाकर अपने हाथ को निकालने की कोशिश की लेकिन उसका दाहिना हाथ धीरे-धीरे मशीन के अंदर चला गया। कुछ देर में कंधे तक उसका हाथ मशीन से कटकर निकाल गया। पूरी मशीन खून से लाल हो गई। चीख सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह ट्रैक्टर बंद किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। उसकी सांस थम चुकी थी। खबर पाकर उसका भाई संतलाल व परिजन वहां आ गए। आसपुर देवसरा एसओ अमरनाथ राय व सैफाबाद चैकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह भी घटनास्थल पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। गाजीपुर में सिपाही है मृतक का भाई रू मृतक शिवाजी चार भाइयों में सबसे बड़ा था। दूसरे नंबर का भाई सुभाष यादव गाजीपुर में सिपाही के पद पर तैनात हैं। तीसरा भाई राजेश सूरत में नौकरी करता है। सबसे छोटा भाई संतलाल घर पर रहता है। मृतक की मां फुलरा देवी, पत्नी श्यामलता, बेटे हिमांशु (16) व बेटी खुशी (13) का रो रोकर बुरा हाल है।

## मार्च में खुलेगा स्टडी स्टूडेंट आईटी सेंटर आफ इण्डिया : पंकज मिश्रा

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद् के महासचिव पंकज पाण्डेय ने कहा कि प्रतापगढ जनपद में प्रथम बार उत्तर प्रदेश का - स्टडी स्टूडेंट आईटी सेंटर आफ इण्डिया की प्रथम शाखा खुलने जा रही है जो मनोवैज्ञानिक शैक्षिक विधि पर संचालित होगी। जिसमें कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक बच्चों के लिए होगी। इस सेंटर के माध्यम से प्रथम चरण 10 किलोमीटर 1000 बच्चों का प्रवेश होगा। इन्ही प्रत्येक बच्चों की गतिविधियों पर अवलोकन किया जायेगा। इनकी मनोवैज्ञानिक शिक्षकों के माध्यम से शारीरिक - मानसिक स्थितियों का मूल्यांकन होगा। जिसमें बच्चों के पाठ्यक्रम एवं पाठ्यक्रम गामी सहगामी क्रियाएं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। आज बच्चों को पता नहीं होता किस तरह पाठ्यक्रम होना चाहिए एवं कितना अध्ययन करना चाहिए। इन सब बातों का बेसिक ध्यान आईटी सेंटर रखेंगे। बच्चों को मानक अनुसार स्टडी मैटर,टाइम बेल के अनुशासित किया जायेगा।

# दुकान का ताला तोड़ बीस बोरी खाद्यान्न चोरी पुलिस की सक्रियता की खुली पोल

**प्रतापगढ़।** जेठवारा पुलिस की सक्रियता पर शनिवार रात चोरों ने करारा तमाचा जड़ा। राशन दुकान का ताला तोड़कर एक 20 बोरी खाद्यान्न उठा ले गए। कोटेदार को सुबह घटना की जानकारी हुई तो उसके पैरों तले जमीं खिसक गई। तहरीर देने के बाद मौके पर पुलिस ने छानबीन करके वापस लौट गई।सिंधौर निवासी व कोटेदार अजय कुमार गुप्ता ने गजराही गाँव मे पंचयात भवन में कमरा लेकर कोटे की दुकान खोल रखी है। रात में किसी समय पहुंचे चोरों ने दुकान को निशाना बना लिया। पीड़ित कोटेदार ने बताया कि चोर दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे लगभग बीस बोरी गेंहू और चावल उठा ले गए। घटना बीते शनिवार की रात की बताई गई है। सूचना पर जेठवारा पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच छानबीन किए और चलते बने। ग्रामीणों के चेहरे पर खाकी की नाकामी की दशहत स्पष्ट नजर आ रही थी।



जुलूस निकाल कर विरोध जताते व्यापारी व आमजन।

## व्यापारियों ने जुलूस निकालकर किया विरोध

**प्रतापगढ़।** आभूषण कारोबारियों संग लगातार हो रही वारदात से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। रविवार को नगर इलाके प्रमुख सड़कों पर पैदल जुलूस निकालकर व्यापारी समाज के नेताओं ने आभूषण कारोबारियों के साथ हुई वारदात की निंदा की। जुलूस में शामिल व्यापारी समाज के नेताओं ने आभूषण कारोबारी संग हुई वारदात में जल्द ही खुलासा करने की मांग की है। आभूषण व्यापारियों के साथ हो रही घटनाओं से व्यापारी समाज मे आक्रोश व्याप्त है।

# जनता के स्वास्थ्य व देखभाल की जिम्मेदारी ले रही है सरकार : विनोद सोनकर



आरोग्य मेले का शुभारंभ करते सांसद विनोद सोनकर

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य की योगी सरकार जनता के स्वास्थ्य व देखभाल की पूरी जिम्मेदारी संभालने के लिए अब गांव-गांव घर-घर ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य कैंप लगाकर ओपीडी के माध्यम से लोगों के रोगों की जांच करके उनको घर में ही दवा मुहैया कराने की योजना साकार कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर ने रविवार को करारी स्थित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब असहाय लोगों के साथ साथ जनपद के सभी लोगों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार ले रही है इसके लिए ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया जाएगा जिससे लोगों को अपने स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा उन्होंने कहा कि यह मेला प्रत्येक रविवार को लगेगा जिसमें क्षय रोग मलेरिया डेंगू, वायरल, कालाजार कैंसर टीकाकरण कुपोषित बच्चों का भी इलाज सरकारी डाक्टरों द्वारा जांच करने के पश्चात किया जाएगा इन कैंपों के माध्यम से लोगों के गोल्डन कार्ड भी बनाने के लिए टीम लगाई गई है जो मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में पहुंचकर जिनके गोल्डन कार्ड नहीं बने हैं उनका पंजीयन करके बनाने का काम करेंगे उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति स्वस्थ है तो उसका मन अपने कार्यों में अच्छी तरह से लगेगा जिससे वह अपने रोजी रोजगार के साथ-साथ देश के साथ-साथ अपने परिवार का भी विकास करेगा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह पहल बड़ी सराहनीय है।

## मदरसा में भाजपा सांसद ने बांटा स्वेटर

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय स्थित मदरसा दारुल उलूम एहसानिया मंझनपुर में शीत लहरी को देखते हुए सरकार की योजना के अनुरूप सांसद विनोद कुमार सोनकर ने अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किया स्वेटर पाकर नौनिहाल बच्चे में खुशी की लहर दौड़ गई इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि सरकार बिना जाति भेदभाव किए ठंड से बचने के लिए प्राथमिक विद्यालय से लेकर जूनियर के विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को सरकार ड्रेस बैग के साथ-साथ जूता मोजा व ठंड से बचने के लिए स्वेटर दिया जाता है जिससे बच्चों का मन पढ़ने में लगे उन्होंने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है अधिकांश विद्यालयों को आधुनिकीकरण के तहत जोड़कर छात्रों का विकास किया जा रहा है इस दौरान जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाएं सभी वर्गों तक पहुंच रही है कार्यक्रम में अल्पसंख्यक अधिकारी सुनीता मंडार ने कहा कि अल्पसंख्यक छात्रों के लिए सरकार द्वारा छात्रवृत्ति के साथ साथ सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है इस मौके पर विद्यालय मदरसा के प्रधानाचार्य मौलाना इकबाल अहमद प्रबंधक सुल्तान अली यशपाल सिंह नूर आलम शवी एहसान रानू विश्वकर्मा अजमल शाह मोहम्मद सोहराब मौलाना शमशाद करेज आदि सहित छात्र छात्राओं के अभिभावक गण एवं सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडेय मौजूद रहे।



जन आरोग्य मेले का उद्घाटन करते चायल विधायक संजय गुप्ता

## चायल विधायक ने किया जन आरोग्य मेले का उद्घाटन

कौशाम्बी। विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता के द्वारा खंड विकास मूरतगंज के अंतर्गत गौसपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित चिकित्सा विभाग के लोगों का उत्साह वर्धन किया एवं करोना के समय में उनके द्वारा लगन से किए गए कार्य को सराहा वहां उपस्थित आम जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति एवं बीमारियों के प्रति जागरूक किया समय से स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने पर बल दिया संपूर्ण स्वच्छता पर जोर दिया।

## स्वतंत्र कवि मंडल की काव्य गोष्ठी आयोजित

**प्रतापगढ़।** विश्व हिंदी दिवस पर महाकवि छविश्याम द्वारा स्थापित सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था स्वतंत्र कवि मंडल सांगीपुर की मासिक काव्य गोष्ठी , ब्लॉक सांगीपुर के ग्राम खानीपुर के मजरे सूरजपुर (कुसही) में रचनाकार धर्मराज सिंह बाबा राज प्रतापगढ़ी के निवास पर हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने तथा संचालन युवा रचनाकार अशोक विमल ने किया। इस अवसर पर अनूप त्रिपाठी एवं समाजसेवी संजय शुक्ला को मंडल के संरक्षक यज्ञ नारायण सिंह अज्ञेय की कृति जगत सत्यम एवं मंडल के वार्षिकांक 2020 स्वतंत्र सौरभ की प्रति भेंट कर सम्मानित किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई गोष्ठी में दो बच्चियों द्वारा प्रस्तुत की गई मां की वंदना के बाद आयोजक बाबा राज प्रतापगढ़ी ने सभी का स्वागत किया।अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस, साहित्यकारों के लिए गौरव का दिवस है।

# खेत की रखवाली कर रहे किसान की पागल सियार के काटने से मौत

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत की रखवाली कर रहे एक किसान को पागल सियार ने काट लिया था घायल किसान का इलाज परिजनों ने कराया था पहले वह ठीक हो गए लेकिन फिर दुबारा वह बीमार हो गए परिजनों ने दुबारा उनका इलाज कराया लेकिन चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके और किसान की मौत हो गई है जानकारी मिलने पर करारी पुलिस पहुंची है और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी अर्का के अन्तर्गत धनपरा गांव निवासी सोहन लाल प्रधान के चाचा जिया लाल सरोज उम्र लगभग 55 वर्ष एक दिसंबर 2020 की रात में खेत की रखवाली कर रहे थे उतने में ही पागल सियार खेत मे आया और जिया लाल के ऊपर हमला करने लगा जिया लाल के नाक मुँह के पास सियार के काटने से खून निकल आया सियार के काटने के बाद जियालाल के आवाज लगाने पर गांव के लोग इकट्ठा हुए ग्रामीणों की भीड़ बढ़ने पर सियार भाग गया जिया लाल सरोज को गांव वाले इलाज कराने चिकित्सक के यहां ले गए जहां वह ठीक हो गए करीब एक हफ्ते पहले जियालाल सरोज की तबीयत फिर से दुबारा खराब हुई उसके बाद घर वाले जिया लाल का एक निजी नर्सिंग होम में इलाज करवा रहे थे कि कल दिनाक 9/01/2021 को जिया लाल की मौत हो गयी है घटना की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पुलिस पहुंची है और उसके बाद लाश को पोस्टमाटम के लिए भेज दिया गया है।

# अच्छे कर्मों से सदैव चिर स्मरणीय होता है मनुष्य : नागेन्द्र महाराज

**श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ रविवार को सुदामा चरित्र की कथा का व्याख्यान किया गया व श्री सुंदरकांड पाठ, के साथ समापन किया गया।**

**भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या आचार्य पं. नागेन्द्र जी महाराज के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया**





भागवत कथा कहते आचार्य नागेन्द्र जी महाराज व कथा में सुनते श्रोतागण

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के चंदेराई गांव में विगत सात दिन से भगवत कथा का आयोजन नागेंद्र जी महाराज के मुखारविंद से हो रहा था जहां भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम,असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। महाराज जी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम से अपने को उस अनुरूप आचरण करने को कहा उन्होंने कहा कि जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। आचार्य पं.नागेन्द्र जी महराज ने बताया कि भागवत पठन-श्रवण के लिए दिनों का कोई नियम नहीं है। इसे कभी भी पढ़ा-सुना जा सकता है। मात्र एक, आधे या चौथाई श्लोक के अर्थ सहित नित्य पाठ से अभीष्ट फलों की प्राप्ति हो सकती है।

उन्होंने फरमाया कि जिस स्थान व घर में नित्य भागवत कथा होती है, वह तीर्थरूप हो जाता है। केवल पठन-श्रवण ही पर्याप्त नहीं- इसके साथ अर्थबोध, मनन, चिंतन, धारण और आचरण भी आवश्यक है। इस प्रकार त्रिविधि दुःखों के नाश, दरिद्रता, दुर्भाग्य एवं पापों के निवारण, काम-क्रोध आदि शत्रुओं पर विजय, ज्ञानवृद्धि, रोजगार, सुख-समृद्धि भगवतप्राप्ति एवं मुक्ति यानी सफल जीवन के संपूर्ण प्रबंधन के लिए भागवत का नित्य पठन-श्रवण करना चाहिए, क्योंकि इससे जो फल अनायास ही सुलभ हो जाता है वह अन्य साधनों से दुर्लभ ही रहता है।आरती और प्रसाद वितरण के बाद कथा की समाप्ति हुई। तथा क्षेत्र आए हुए विशिष्ट गणमान्य जनों को साल और स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा उपस्थित वृद्ध भक्तजनों को कंबल वितरण किया गया। सम्मान एवं कंबल वितरण के कार्यक्रम का संचालन शंकर दयाल सिंह ने किया कार्यक्रम के दौरान। मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रणमत सिंह जिला पंचायत सदस्य अश्वनी दिवेदी साजन मौर्य राम प्रकाश सरोज हीरा लाल लोधी रामअभिलास मौर्य जय प्रकाश विश्वकर्मा श्रीचंद सरोज सुनील त्रिपाठी दिनेश सोनकर आशीष केसरवानी आनंद सिंह आदि सैकड़ों भक्त गण उपस्थित रहे।